सं. 8(1)/2021-रक्षा (रा.भा.1)

**रक्षा मंत्रालय**

**(राजभाषा प्रभाग)**

----

सेना भवन, नई दिल्ली
दिनांकः 07 सितम्बर, 2021

**विषयः हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय रक्षा मंत्री महोदय का संदेश जारी करना।**

मुझे एतदद्वारा हिंदी दिवस (14 सितम्बर, 2021) के अवसर पर माननीय रक्षा मंत्री महोदय का संदेश भेजने का निदेश हुआ है। कृपया इसे अपने मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों/यूनिटों आदि में परिचालित करें।

राकेश कुमारी 7/9/2021
**(डॉ. राकेश कुमारी)**
निदेशक (राजभाषा)
दूरभाषः 23019375

संलग्नकः यथोपरि।

सेवा में,

**सभी सेना मुख्यालय एवं सभी अंतर सेवा सगठन।**

राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

## संदेश

जैसा कि विदित है, हमारे संविधान निर्माताओं ने 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। तब से प्रतिवर्ष 14 सितंबर का दिन 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त, 2021 को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में जन-भागीदारी के माध्यम से मनाया जा रहा है। यह महोत्सव भारत सरकार द्वारा मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है जो कि दिनांक 12 मार्च, 2021 से प्रारम्भ हो चुकी है और 15 अगस्त, 2023 तक अलग-अलग कार्यक्रमों और समारोहों के माध्यम से पूरे देश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर हिंदी दिवस का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

भारत विविधताओं वाला देश है। हमारे देश में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। तथापि, अपनी सरलता, सुबोधता और पहुंच के कारण हिंदी ने भारत की राजभाषा बनने का गौरव प्राप्त किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और इसके बाद हिंदी ने हमारे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया है तथा विविधता में एकता की भावना को मजबूत बनाए रखा है।

हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। आत्मनिर्भर भारत को लेकर सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभों के बारे में जनता को उनकी भाषा में अधिक प्रभावी ढंग से जानकारी दी जा सकती है।

मुझे यह जानकर हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष भी रक्षा मंत्रालय, सैन्य कार्य विभाग एवं अन्य सभी रक्षा अंतर-सेवा संगठनों में हिंदी पखवाड़े का आयोजन मानक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किया जा रहा है। मैं, रक्षा मंत्रालय, सैन्य कार्य विभाग एवं सभी रक्षा अंतर-सेवा संगठनों के देश भर में फैले विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे अपना अधिक-से-अधिक सरकारी काम-काज राजभाषा हिंदी में करते हुए संवैधानिक अपेक्षा का अनुपालन सुनिश्चित करें।

**"जय हिन्द"**

**(राजनाथ सिंह)**

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 03 सितम्बर, 2021

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in